अलीगढ़ में बंधक 32 मजदूरों को कराया मुक्त

- लगातार दूसरे दिन मिली सफलता, आपबीती सुनाकर पुनर्वास की उठाई मांग

जागरण संवाददाता, चित्रकूट : लगातार दूसरे दिन जिले के बंधक मजदूरों को बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने छुड़ाया है। गुरुवार को 32 बंधक मजदूर अलीगढ़ से छूट कर जिले में पहुंचे।सभी ने अपनी आपबीती सुनाकर पुनर्वास की मांग उठाई। बंधुआ मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक संतोष कुमार ने बताया कि अलीगढ़ से अयोध्या, सुनीता, शिवा, पायल, मनु, नेहा, मुन्ना, मिथलेश कुमारी, रश्मि, विकास, मांशु, रितांशु, राज कुमार, रामकली, पूजा, शिवानी, बुद्ध विलास, गुड़िया, पवन, संजय, धर्मराज, इंद्रजीत, राजेश, आरती, साहिल, देवी दयाल, ऊषा आदि को छुड़ाया गया है। यह सभी चित्रकूट के चुरेह केशरुआ और बांदा के सिंहपुरमाफी गांव के हैं। उनको अलीगढ़ में ईंट भट्ठा पर रोक कर काम कराया जा रहा था। पुनर्वास के लिए श्रम विभाग व प्रशासन के अधिकारियों से गुहार लगाई गई है।